हिन्दी विभाग

आयोजक – नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं यूनिसेफ
मिशन लाइफ एवं ओ डी एफ कार्यक्रम के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता **18 मार्च 2024**

नेहरू युवा केन्द्र संगठन जिला रायगढ़ के द्वारा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में मिशन लाइफ एवं ओ डी एफ कार्यक्रम के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18 मार्च 2024 को हिन्दी विभाग में किया गया। इसमें प्रथम यामिनी राठौर (एम ए हिन्दी द्वितीय सेम), द्वितीय छाया राठौर (एम ए हिन्दी चतुर्थ सेम) एवं तृतीय स्थान पर छाया डनसेना (एम ए हिन्दी चतुर्थ सेम) रहे। अन्य विषय के छात्र भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिए थे।

अतिथि प्रा0 अंजना शास्त्री, वकील अहमद, धनंजय जायसवाल सहित सभी ने इन तीनों छात्राओं को शुभकामनाएँ दी।

LiFE
नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं यूनिसेफ
के संयुक्त तत्वावधान में
SAVE
पर्यावरण मित्र

जिला रायगढ़ के अंतर्गत ब्लॉक खरसिया के युवा चला रहे मिशन लाइफ कार्यक्रम स्कुल, कालेज, ग्राम स्तर में मिशन लाइफ के तहत कर रहे जागरूक'

न्यूज– नेहरू युवा केंद्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में रायगढ़ जिले में नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ के जिला युवा अधिकारी श्री चंद्रभूषण चौबे के संरक्षण और लेखापाल राहुल गोस्वामी के सहयोग से "युवा कल्याण यूथ क्लब" के अध्यक्ष भोला शंकर मेहरा एवं धनंजय जायसवाल द्वारा ब्लाकरू– खरसिया के शासकीय महात्मा गाँधी महाविद्यालय (डळ कॉलेज– खरसिया) में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूल और कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं तथा प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार वितरित करते हुए सभी को जागरूक किया जा रहा हैं तथा स्व सहायता महिला समुदाय एवं ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर ओडीएफ एवं ओडीएफ की पोस्टर लगाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है तथा जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को बताया जा रहा है तथा मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह दिया जा रहा हैद्य